**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 03.09.2025** **समय : 0705**

- **वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज नई दिल्ली में शुरू होगी।**
- **कार निकोबार में कल "नारियल की शक्ति को उजागर करना, वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करना" विषय पर विश्व नारियल दिवस मनाया गया।**
- **राष्ट्रीय पोषण माह का सप्ताहव्यापी कार्यक्रम आठ सितम्बर से भाुरू होगा।**
- **कोलकाता जाने वाले एम वी स्वराजद्वीप के आज की घोषित यात्रा कार्यक्रम में संशोधन–जहाज अब कल रवाना होगा।**

**<><><><><><><>**

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज नई दिल्ली में शुरू होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन दो दिन की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कहा था कि वस्तु और सेवा कर से देश को व्यापक लाभ हुए हैं। उन्होंने जीएसटी के तहत सुधारों पर बल देते हुए कहा था कि इससे आम आदमी, किसानों, मध्य वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को राहत मिलेगी। जीएसटी सुधार दीपावली के अवसर पर घोषित किए जाएंगे। इससे आवश्यक वस्तुओं पर करों में कटौती होगी और स्थानीय रेहड़ी–पटडी वालों तथा उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। केन्द्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए वस्तु और सेवा कर में महत्वपूर्ण सुधारों का प्रस्ताव मंत्री समूह को दिया है। मंत्री समूह की बैठक पिछले महीने हुई थी। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार– ढांचागत सुधार, करों को तर्कसंगत बनाने और जीवन सुगमता के तीन स्तम्भों पर केन्द्रित होंगे। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने समावेशी विकास और व्यापार सुगमता के लिए वस्तु और सेवा कर को सरल, स्थिर और पारदर्शी कर–प्रणाली बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश में नई तकनीक–आधारित वाणिज्यिक उत्पादन से निर्मित इलेक्ट्रॉनिक सर्किट चिप का पहला सेट भेंट किए जाने के साथ ही भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंच गई है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 के पहले दिन प्रधानमंत्री को यह चिप भेंट की। श्री वैष्णव ने इस बात पर बल दिया कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बौद्धिक संपदा अधिकारों के सम्मान, आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने और वैश्विक भागीदारों के साथ सह–विकास मॉडल को बढ़ावा देने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा भागीदार के रूप में दुनिया के समक्ष गया है और उसने आपसी विकास और पारस्परिक लाभकारी सहयोग को बढ़ावा दिया है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के दौरान बारह समझौता ज्ञापनों की घोषणा की गई। ये समझौते देश में सेमीकंडक्टर के लिए आत्मनिर्भर, भविष्योन्मुखी और अनुकूल परिवेश के निर्माण के उद्देश्य संबंधी उत्पाद विकसित करने, सेवा क्षमता के विस्तार और कौशल विकास पर केंद्रित हैं। श्री वैष्णव ने नवाचार बढ़ाने के लिए लगभग एक अरब डॉलर की राशि से डीप टेक अलायंस के गठन की घोषणा की। यह गठबंधन आरंभ में सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करते हुए, स्वच्छ ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी, क्वांटम प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे अन्य अग्रणी क्षेत्रों में भी अपना विस्तार करेगा।

**<><><><><><><>**

कार निकोबार के क्षेत्रीय कृषि दल की ओर से कल "नारियल की शक्ति को उजागर करना, वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करना" विषय पर विश्व नारियल दिवस, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निकोबार जिला उपायुक्त सतनाम सिंह मुख्य अतिथि और पेरका गांव के द्वितीय प्रधान जॉन क्राइसोस्टेम सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सहायक निदेशक, मृदा सी. विनोद कुमार ने विश्व नारियल दिवस के महत्व और जनजातीय समुदाय के दैनिक जीवन में नारियल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि विभाग और संबंधित विभागों की योजनाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में नारियल व्यंजनों का प्रदर्शन, स्व–निर्मित नारियल हस्तशिल्प और नारियल के मूल्यवर्धित उत्पाद और नारियल के छिलके उतारने जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**<><><><><><><>**

मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में, भारतीय स्टेट बैंक के आरसेती और परिवहन विभाग की ओर से सार्थिनी योजना शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य द्वीपसमूह की महिलाओं को निःशुल्क हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस पहल के तहत 34 महिला उम्मीदवारों के पहले बैच ने स्वराज द्वीप में उद्यमिता

मॉड्यूल के साथ ड्राइविंग का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया है। अगला बैच मध्योत्तर अंडमान जिले में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह से शुरू किए जाने की संभावना है।यह उद्यमिता प्रशिक्षण पहल द्वीपसमूह में महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह के एक भाग के रूप में, पुरुषों में मोटापे के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक सप्ताह का योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह सत्र 8 से 15 सितंबर तक सुबह 5 बजे से 6 बजे तक जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल के योग इकाई और मरीना पार्क में आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में योगाभ्यास, व्यायाम और जीवनशैली संबंधी जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा द्वीपसमूह के पुरुषों में जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित योगाभ्यास, संतुलित पोषण और शारीरिक गतिविधि के महत्व पर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागियों से 6 सितंबर तक योग इकाई में पंजीकरण कराने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदिनी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने आज की श्री विजयपुरम से मायाबंदर होते हुए कोलकाता जाने वाले एम वी स्वराजद्वीप के घोषित यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया है। मायाबंदर बंदरगाह पर पायलट और टग सहायता उपलब्ध न होने के कारण अब यह जहाज कल सुबह 8 बजे हैडो जेट्टी से सीधे कोलकाता के लिए रवाना होगा और 11 सितंबर को दोपहर 12 बजे सीधे कोलकाता से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। जिन यात्रियों के पास कोलकाता जाने के लिए एमवी स्वराज द्वीप के टिकट हैं, वे इसी टिकट पर यात्रा कर सकते हैं। मायाबंदर से कोलकाता जाने वाले यात्रियों को श्री विजयपुरम से जहाज पर यात्रा करने की सलाह दी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए आज रात नौ बजे मायाबंदर से स्पीड बोट उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एमवी चुगलम 6 सितंबर को शाम पांच बजे हैडो जेट्टी से सीधे कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। जहाज संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने के तुरंत बाद ननकौड़ी, कच्छाल, तेरेसा, चौरा और कार निकोबार होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। माल की बुकिंग सुबह नौ बजे से दिन में 12 बजे के बीच वाणिज्यिक विंग में की जा रही है।

<><><><><><><>

पशुपालन तथा डेयरी विकास विभाग ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी और केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सहयोग से हाल ही में ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज में 'डेयरी मवेशियों का वैज्ञानिक पालन एवं प्रबंधन' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य दूध उत्पादन में वृद्धि, पशु स्वास्थ्य में सुधार और किसानों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर पशु चिकित्सकों को डेयरी फार्मिंग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को पशु उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

शिक्षक दिवस के अवसर पर, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बैडमिंटन डबल्स, टेबल टेनिस (डबल्स), एथलेटिक और शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल और अंडमान क्लब में चलेगा। पुरूष बैडमिंटन युगल और महिला टेबल टेनिस युगल आज सुबह 8:30 बजे नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में खेला जाएगा। कल भी प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। इच्छुक शिक्षकों और कर्मचारियों से समय से पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने को कहा गया है। कल होने वाली शतरंज प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ आज शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>